# कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
## जिला–सरगुजा (छ0ग0)

*Email. ID – ddvsambi.cg@nic.in   Phone No. 07774-240877*


क्र0 462 / डी0एम0एफ0 / स्थापना / संविदा नियुक्ति / 2026–27 सरगुजा, दिनांक 02.06.2026

### –: संविदा (अस्थाई) भर्ती हेतु विज्ञापन :–

जिला सरगुजा (छ0ग0) अंतर्गत विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में स्थानीय व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन के डी0एम0एफ0 मद से सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारीयों के पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए पात्र अभ्यार्थियों से निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। जिसके लिए इक्छुक पात्र उम्मीदवार कार्यालय उप–संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला सरगुजा (छ0ग0) में दिनांक 8 / 06 / 2026 से दिनांक 23 / 06 / 2026 तक प्रातः 11:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक संबंधित पद के विरुद्ध भर्ती हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ एक प्रति स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र निर्धारित समय में सीधे अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत करे | विज्ञापन आवेदन पत्र प्रारूप के साथ जिले की NIC की वेबसाईट surguja.gov.in पर अपलोड किया गया है एवम् कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाये अंबिकापुर जिला –सरगुजा (छ.ग.), समस्त विकासखंड स्तरीय पशु चिकित्सालयों एवम कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त जनपद पंचायत जिला –सरगुजा के सूचना पटल पर विज्ञापन एवम आवेदन पत्र का प्रारूप चस्पा की गयी है | निर्धरित तिथि व समय के पश्चात् आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे | संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदनो की जांच पश्चात् प्राविण्य सूची अनुसार अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/ मूल दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किये जायेंगे|

संविदा भर्ती हेतु पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क. | पदनाम | स्वीकृत पदों कि संख्या | अ.ज.जा. | | | | अ.जा. | | | | अ.पि.व. | | | | अनारक्षित | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | महिला | मू.सै. | विकलांग | मुक्त | महिला | मू.सै. | विकलांग | मुक्त | महिला | मू.सै. | विकलांग | मुक्त | महिला | मू.सै. | विकलांग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 1 | स0प0चि0 क्षे0अ0 | 15 | 06 | 02 | – | – | 1 | – | – | – | 2 | – | – | – | 3 | 1 | – | – | 15 |

नोटः–

1. विभागीय नियमानुसार प्रचलित आरक्षण नियम लागू होगा।
2. प्रावधानानुसार महिला प्रवर्गवार एवं समस्तरीय आरक्षण लागू होगा।
3. सामान्य प्रशासन विभाग छ0ग0 शासन के आदेश क्र0 एफ 13–19 / 2012 / आ.प्र. / 1–3 नया रायपुर दिनाँक 20.02.2014 के अनुसार विशेष पिछड़ी जनजातिओं (PVTGs) हेतु आरक्षण नियम लागू होगें।



उप संचालक
पशु चिकित्सा सेवाये
अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

➤ **वेतनमान :–**

| क्र0 | वेतनमान |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 1 | राशि – 18420/– (प्रतिमाह एकमुश्त) |

**शैक्षणिक योग्यता :–**

| क्र0 | पदनाम | कार्यक्रम | योग्यता/ Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | DMF | Diploma in Animal Husbandry (D.A.H.) |

नोटः– शैक्षणिक योग्यता हेतु छत्तीसगढ़ पशु चिकित्सा तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक तथा अलिपिक वर्गीय) सेवा भर्ती नियम, 2009 यथा संसोधित 2017 लागू होंगें।

**नियम एवं शर्तें**

1. इच्छुक पात्र उम्मीदवार को कार्यालय उप–संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला सरगुजा (छ0ग0) में दिनांक 08/06/2026 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 23/06/2026 सांय 05:00 बजे तक संबंधित पद के विरुद्ध भर्ती हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकृत डाक द्वारा अथवा कार्यालय उप–संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला सरगुजा (छ0ग0) में कार्यालयीन समय मे आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
2. विज्ञापन/खारिज किये गये आवेदकों का पदानुसार विवरण, समय–समय पर दावा आपत्ति की सूचना, दस्तावेज सत्यापन की तिथि, आवेदन में छटनी किये गये अभ्यर्थियों कि सूची, चयन/प्रतिक्षा सूची समय–समय पर जिले के वेबसाईट में उपलब्ध करायी जावेगी। इस संबंध में सूचना प्राप्त नहीं होने संबंधित आपत्ति स्वतः खारिज मानी जावेगी। इनका प्रकाशन जिले के वेबसाईट, स्थानीय स्तर के सामाचार पत्रों में तथा कार्यालय उप–संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, जिला सरगुजा (छ0ग0) में किया जावेगा। चयन के किसी भी स्तर पर या काउंसीलिंग/दस्तावेज सत्यापन के समय भी यदि आवेदक उपस्थित नहीं होता है तो इसे उसके कार्य के प्रति अरुचि मानते हुए उसे प्रकिया से बाहर माना जावेगा।
3. अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण तथा समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किये जावेंगे।
4. आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार समस्त दस्तावेज संलग्न करें। आवेदन के साथ दस्तावेज संलग्न ना पाये जाने कि स्थिती में आवेदन स्वमेव निरस्त माना जावेगा।(1. निवास प्रमाण पत्र, 2. आरक्षित वर्ग कि स्थिति में जाति प्रमाण पत्र, 3. शैक्षणिक योग्यताः– 10वीं, 12वीं संबंधित डिप्लोमा की अंकसूचीयां एवं डिप्लोमा प्रमाण पत्र,4. नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ( अनुभव की पात्रता हेतु **न्यूनतम एक वर्ष की कार्य अवधि अनिवार्य होगा** एवम प्रतिवर्षवार दो–दो माह का पे–स्लिप अनुभव प्रमाण पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ), 5.पहचान पत्र, 6. आवेदक का नवीनतम रंगीन फोटो, 7. यदि आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में पूर्व से कार्यरत हो तो अनापत्ती प्रमाण पत्र हेतु आवेदन।
5. अभ्यार्थी को दस्तावेज सत्यापन में पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।



**उप संचालक**
पशु चिकित्सा सेवाये
अम्बिकापुर,जिला- सरगुजा (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

## 2. आयु सीमा :–

1. 01 जनवरी 2026 को आयु न्युनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। आयु की गणना 01 जनवरी 2026 के अनुसार की जावेगी। इस आयु सीमा में किसी भी प्रकार के छुट छत्तीसगढ़ सिविल सेवायें 2012 के नियमानुसार लागु किये जायेंगे।
2. संविदा भर्ती के संबंध में आरक्षण एवं अन्य शर्तें छत्तीसगढ़ संविदा सिविल सेवायें 2012 के सभी नियम एवं शर्तों के अनुसार लागु होंगे।

## 3. चयन प्रकिया :–

**3.1 –आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार स्वप्रमाणित दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है :–**

1. पहचान पत्र।
2. दसवीं, बारहवीं की अंकसूचीं।
3. संबंधित डिप्लोमा के प्रत्येक सेमेस्टर के अंकसूची।
4. संबंधित डिप्लोमा।
5. मूल निवासी प्रमाण पत्र।
6. जाति प्रमाण पत्र।(आरक्षित पद हेतु)
7. अनापत्ती प्रमाण पत्र आवेदन। (यदि आवेदक वर्तमान में किसी अन्य शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत हो) 8.अनुभव प्रमाण पत्र

**3.2 –अंतिम चयन सूची निम्नलिखित आधार पर बनायी जावेगी :–**

1. स0प0चि0क्षे0अ0 – शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 90% अंक एवं अनुभव के लिये अधिकतम 10% अंक निर्धारित है। (प्रत्येक वर्ष के लिये 02 अंक, जो अधिकतम 05 वर्षों के लिये ही होगा एवं शासकीय/अर्ध्दशासकीय संस्थाओं/शासकीय–अर्ध्दशासकीय संस्थाओं मे आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत अभ्यर्थियों के कार्यानुभव ही मान्य होंगे।)
2. शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव दोनों के योग के आधार पर प्रविण्य सूची तैयार करने के उपरान्त दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेजों के साथ आमंत्रित किया जावेगा। तदपश्चात अभ्यर्थियों की अंतिम चयन एवं प्रतिक्षा सूची का प्रकाशन किया जावेगा।

## 4. भर्ती के संबंध मे महत्वपूर्ण शर्ते एवं दिशानिर्देश :–

1. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जावेगी। जिसमें सही पाये जाने पर ही उसके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
2. किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय सेवा में कदाचरण के आरोप में हटाए गए ब्लैकलिस्टेड अथवा क्षमता पूर्वक कार्य नहीं करने के कारण सेवा वृद्धि नहीं किए गए अभ्यर्थी चयन के लिए पात्र नहीं होंगे। संलग्न निर्धारित प्रारुप में शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
3. संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
4. स0प0चि0क्षे0अ0 के पद पर नियुक्ति हेतु सरगुजा जिले के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी। जिले के मूल निवासी अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में छत्तीसगढ़ के से अन्य जिलों के अभ्यर्थियों से प्राथमिकता अनुसार चयन की कार्यवाही की जावेगी।
5. भर्ती के संबंध मे समस्त जानकारियां सरगुजा जिले की वेबसाईट surguja.gov.in पर अपलोड एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा की जावेगी।
6. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों कि संख्या घटाई व बढ़ाई अथवा भर्ती निरस्त की



उप संचालक
पशु चिकित्सा सेवाये
अम्बिकापुर,जिला- सरगुजा (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

जा सकती है। चयन का पूरा अधिकार चयन समिति का होगा।

7. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था अथवा निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारी को उन संस्थाओं के नियोक्ता के अनापत्ती प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।
8. अ0जा0/अ0ज0जा0/अ0पि0व0 वर्ग श्रेणी के अभ्यार्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
9. आवेदक को नियुक्ति के पश्चात् ज्वाईन के पूर्व विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारुप में गैर न्यायिक 50 रु0 के स्टाम्प में एक वर्ष की सेवा हेतु नोटराइज्ड शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
10. आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों का ही सत्यापन किया जावेगा।
11. उपरोक्त संविदा अवधि केवल 01 वर्ष के लिये होगी। कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने कि स्थिति में अवधि में वृद्धि की जा सकती है। भविष्य में विज्ञापित पदों पर सीधी भर्ती होने कि स्थिति में संविदा के पद स्वतः निरस्त माने जायेंगे। अथवा दूसरे स्थान पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया जावेगा। इस हेतु कलेक्टर जिला सरगुजा का निर्णय अतिंम एवं सर्वमान्य होगा।
12. प्रतिक्षा सूची की वैधता केवल 01 वर्ष रहेगी। इस समयावधी में स्वीकृत नये पद अथवा त्याग–पत्र या किसी भी कारण रिक्त होने वाले पदों को भी इस प्रतिक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
13. भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाले नियम एवं शर्तो में परिवर्तन होने पर आवेदकों को मान्य होगा।
14. भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला कलेक्टर, जिला सरगुजा (छ0ग0) का होगा, जो आवेदकों को मान्य एवं बंधनकारी होगा।
15. चयन प्रकिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से दबाव डलवाया जाता है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
16. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा अंतिम रुप से नियुक्ति रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
17. चयनित अभ्यर्थी को कार्य पर उपस्थित होने हेतु 07 दिवस का अवसर दिया जावेगा।
18. कार्यभार ग्रहण करते समय चयनित अभ्यार्थी को नियंत्रणकर्ता के साथ अनुबंध करना होगा तथा स्वयं का मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
19. उक्त नियुक्ति का चयन, प्रशासकीय नियंत्रण जिला स्तरीय पद पर उप–संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला सरगुजा (छ0ग0) के नियंत्रण में रहेगा।
20. चयन उपरान्त यदि कोई दी गई जानकारी असत्य पायी जाती है तो नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी तथा संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
21. चयनित अभ्यार्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय उसको नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यार्थी को त्याग–पत्र देने के पूर्व 01 माह पूर्व सूचना देना होगा अथवा एक माह का वेतन जमा करना अनिवार्य होगा।
22. एक माह से अधिक अवधि तक अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित पाये जाने पर सेवायें स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।
23. संविदा अवधि में किसी भी प्रकार का धरना/हड़ताल/प्रदर्शन इत्यादि में जाने की अनुमति नहीं होगी। धरना/हड़ताल करने पर नौकरी से वंचित करने का अधिकार जिलाधीश/कलेक्टर, जिला सरगुजा (छ0ग0) का होगा।
24. उक्त सम्पूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया में कलेक्टर जिला सरगुजा का निर्णय अतिंम एवं सर्वमान्य होगा।



उप संचालक
पशु चिकित्सा सेवाये
अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

(रु0 10 के गैर न्यायिक स्टाम्प में)

## शपथ पत्र

1. प्रमाणित किया जाता है कि मैं जिस शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत था/थी वहां के नियोक्ता द्वारा किसी भी प्रकार के कदाचरण/कार्य में लापरवाही के आरोप में नहीं हटाया गया है।
2. किसी भी न्यायालय में मेरे विरुद्ध किसी प्रकार का अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है।
3. किसी भी न्यायालय द्वारा किसी भी प्रकार के अपराध के लिए मुझे दण्डित/जुर्माना अधिरोपित नहीं किया गया है।
4. मेरे द्वारा आवेदन के साथ जो भी दस्तावेज संलग्न किया गया है वह मेरी जानकारी अनुसार सही एवं सत्य है।

दिनांक– ........................................ आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

स्थान – ........................................



Scanned with CamScanner

(रु0 50 के गैर न्यायिक स्टाम्प में)

## शपथ पत्र

मैं (शपथकर्ता) .............................................. पिता/पति का नाम ......................................................
उम्र ........... वर्ष निवासी ग्राम .............................. पोस्ट .................................... वि0ख0 ..........................................
जिला .......................................... (छ0ग0) एतत् द्वारा निम्नानुसार शपथपूर्वक अभिकथन करता हूँ कि :–

1. मैने जिला सरगुजा के लिए विज्ञापित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के लिए संविदा नियुक्ति की शर्तों को भली भांति पढ़ लिया है तथा समझ लिया है।
2. उक्त विज्ञापित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद के लिए संविदा नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई हैं, जिससे मेरी सेवाएं निर्धारित सेवा शर्तों के तहत निर्धारित समय सीमा के लिए हैं तथा एक वर्ष पूर्ण करने के पश्चात् स्वमेव समाप्त हो जावेगी। जो मुझे मान्य है। मैं इन्ही सेवा शर्तों के अधिन संविदा नियुक्ति में एकमुश्त मानदेय रु0 18420/– (अट्ठारह हजार चार सौ बीस प्रतिमाह पर कार्य करने को तैयार हूँ)।
3. यदि छ0ग0 शासन द्वारा संविदा नियुक्ति अवधि में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की स्थाई नियुक्ति किए जाने पर मेरी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती है तो मैं कोई दावा आपत्ति नहीं करुंगा न ही न्यायालय जाने का हकदार रहूंगा।
4. चयन व सेवा अवधि के दौरान किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा प्रेषित प्रमाण पत्र (अंकसूची/जाति/निवास, आदि) झूठी/फर्जी पाई जाती है या प्रमाण पत्र के पुष्टि झूठी/फर्जी साबित होती है तो मेरी सेवाएं स्वमेव समाप्त मानी जावेगी जो मुझे मान्य होगा अथवा मेरा दावा स्वमेव निरस्त माना जावेगा और नियोक्ता किसी भी कार्यवाही के लिए स्वतंत्र होगा।
5. मेरी संविदा नियुक्ति के पश्चात् नियुक्त अवधि मे मैं किसी भी धरना/प्रदर्शन में भाग नहीं लूंगा। यदि मैं ऐसा करता पाया जाता हुं तो नियोक्ता अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए स्वतंत्र होगें व मेरी सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की कार्यवाही के लिए सक्षम रहेगें।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

## सत्यापन

मैं (शपथकर्ता) .............................................. पिता/पति का नाम ......................................................
उम्र ........... वर्ष निवासी ग्राम .............................. पोस्ट .................................... वि0ख0 ..........................................
जिला .......................................... (छ0ग0) उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता/करती हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक लिखी गई सभी बाते मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य है। आज दिनांक ........................... को स्थान .............................. में पढ़कर व देखकर पूर्ण रूप से सन्तुष्ठ होकर हस्ताक्षर किया।
दिनांक .........................

दो गवाहो के हस्ताक्षर

1

2

हस्ताक्षर शपथकर्ता



Scanned with CamScanner

# आवेदन पत्र का प्रारुप

स्वयं द्वारा
सत्यापित
नवीनतम
पासपोर्ट साईज
रंगीन फोटो

प्रति,

उप–संचालक
पशु चिकित्सा सेवायें
जिला सरगुजा (छ0ग0)

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :–........................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :–........................................
2. पिता/पति का नाम :–........................................
3. माता का नाम :–........................................
4. अ) जन्म तिथि (अंकों में) :–........................................
   ब) आयु 01 जनवरी 2026 की स्थिति में :–वर्ष............ माह............ दिन............
5. जाति (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.) :–........................................
6. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नहीं :–........................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. स्थानीय निवास का पता :–........................................
   ........................................
   ........................................ पिन कोड....................
8. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :–........................................
   ........................................
   ........................................ पिन कोड....................
9. मोबाईल नम्बर :–........................................
10. ई–मेल आई.डी. :–........................................
11. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में सेवारत हैं। :–........................................
    (यदि हॉं तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)
12. यदि आवेदित पद से संबंधित अनुभव प्राप्त है तो उसका विवरण देवें :–........................................
    ........................................
    ........................................
    ........................................



Scanned with CamScanner

13. शैक्षणिक योग्यता :–

| क. | परीक्षा का नाम | बोर्ड का नाम | शैक्षणिक उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता का पूर्णांक | विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता का प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. कार्यानुभव का विवरण :–

| क. | संस्था का नाम | संस्था का प्रकार (शासकीय / सार्वजनिक / वित्तीय सहायता प्राप्त संस्था) | पदनाम | कार्य अवधि (अनुभव के कुल पूर्ण वर्ष / छःमाह) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

15. संलग्न स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों की सूची व पृष्ठ कमांक :–

1.................................................. 2..................................................
3.................................................. 4..................................................
5.................................................. 6..................................................
7.................................................. 8..................................................
9.................................................. 10..................................................

आवेदक के हस्ताक्षर

**घोषणा पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस आवेदन में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे, जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार हूँ।

स्थान .............................. दिनांक ..........................

आवेदक के हस्ताक्षर



Scanned with CamScanner